पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

**Std-3 Subject-Hindi**

**SUMMATIVE ASSESSMENT-3 (2021-22)**

---

# पठन विभाग

## प्र-1] निम्नलिखित अपठित गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क) किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1 तीन मित्र कौन- कौन थे ?

उत्तर- तीन मित्र दो हंस एक कछुआ थे

2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

उत्तर - हंसों को तालाब से जाने की समस्या थी

3. तालाब सूख गया, क्योंकि

उत्तर - बहुत गरमी थी

4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर

उत्तर - तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

5. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

उत्तर -अपना नुकसान स्वयं करना

ख) एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?
उत्तर-चोर
2. तेनालीराम ने संदूक मे क्या भरा?
उत्तर - तेनालीराम ने संदूक मे ईट - पत्थर भरा

3. तेनालीराम ने रुपए-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?
क)घरमें
4. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया ?

उत्तर - कुएँ से पानी निकालने लगे

## लेखन विभाग

प्र- 1 ] निम्नलिखित निबंध लिखिए

### मेरी माँ

- **मां ममता और वात्सल्य की मूरत है|**
- एक बच्चे की सबसे पहली दुनिया मां का आंचल ही होती है|

- उसी की गोद में बैठकर वह दुनिया के नए रंग देखता है.
- मां ही पहला गुरुकुल और पहला गुरु होती है |
- एक बच्चा सबसे पहला शब्द भी माँ ही कहता है.
- मां हमारी जीवन भर देखभाल करती है|
- उसी की अच्छी परवरिश के कारण हम अच्छे इंसान बन पाते है.
- हम चाहे कितने भी बड़े हो जाए लेकिन मां के लिए हमेशा बच्चे ही रहते है|
- वह हर समय हमारी चिंता करती है और हमे सही राह दिखाती है.

- मां हमारा हर सुख-दु:ख में साथ देती है|
- जब हम बीमार होते हैं तो वही हमारे लिए रात भर जागती है|
- भगवान से हमारे ठीक होने की प्रार्थना करती है|

- वह हमारे लिए सब कुछ त्याग कर देती है|
- मां भूखी रहकर भी हमें भरपेट भोजन खिलाती है|
- मां के जैसा त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है.|
- मां हमारी हर बात को समझती है चाहे हम उसे बताएं या नहीं|
- वह हमारे हर आंसू की वजह पूछती है|
- अगर हम किसी कार्य को नहीं कर पाते है तो वह हमारा मार्गदर्शन करती है|
- वह जीवन के हर एक मोड़ पर हमारे साथ खड़ी होती है.
- मां अपने बच्चे से कभी रूठती नहीं है|
- अगर वो रूठ भी जाती है तो ज्यादा देर तक रूठी हुई नहीं रह सकती है|
- प्रेम और स्नेह का दूसरा नाम ही मां है|

## : स्वतंत्रता दिवस

- **प्रतिवर्ष 15 अगस्त के दिन को भारतवासी स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं ।**

- **भारत को 15 अगस्त, 1947 के दिन वह सुनहरी आजादी प्राप्त हुई थी**
- **जिसका लोगों को वर्षों से इंतजार था ।**
- **इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था ।**
- **लोग गुलामी की जंजीरें तोड़कर बहुत प्रसन्न हुए थे ।**
- **तब से भारत बहुत उन्नति कर चुका है ।**
- **भारत के लोग आज भी अपना स्वतंत्रता दिवस बहुत उत्साह से मनाते हैं ।**
- **प्रधानमंत्री लाल किले पर झंडा फहराकर राष्ट्र को संबोधित करते हैं ।**
- **वे राष्ट्र को एकजुट रहने तथा अपनी स्वतंत्रता को बरकरार रखने की प्रेरणा देते हैं ।**
- **देश के विभिन्न भागों में इस दिन चहल-पहल होती है ।**
- **लोग तिरंगा झंडा फहराकर एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हैं ।**
- **यह दिवस हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों का स्मरण करा जाता है|**
- **भारतवासी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प प्रकट करते हैं ।**
- **स्वतंत्रता दिवस भारत के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर देश के नवनिर्माण की प्रेरणा देता है ।**

प्र-1] निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए

## जन्मदिन पर न जाने की क्षमा माँगते हुए पत्र

१७३ विकास नगर
नोयडा ,उत्तर प्रदेश

प्रिय रमेश

**दिनांक : ६ जनवरी, २०२१**

नमस्कार

आशा है कि तुम सकुशल होगे । तुम्हारे जन्मदिन का निमंत्रण पत्र मिला था । दो दिन से मैं बुखार और खाँसी से पीड़ित हूँ , जिस कारण मैं नहीं आ सका । तुम मुझे क्षमा कर देना . जन्मदिन पर तुम्हे बहुत सी शुभकामनाएं ।यह दिन तुम्हारे जीवन में बार - बार आये । चाची जी व चाची जी को नमस्कार कहना ।

शुभकामनाओं के साथ ,

**तुम्हारा मित्र,**

रवि सिंह

**आप वार्षिक परीक्षा में प्रथम आए हैं। इसके लिए आपके मामा ने आपको पुरस्कार के रुप में टेबलेट भेजा है।उसी का धन्यवाद प्रकट करते हुए उन्हें पत्र लिखिए।**

**परीक्षा भवन**

658 -78 , शिवाजी मार्ग,

नोएडा -110020

**दिनांक : XX जुलाई XXXX**

आदरणीय मामाजी ,

सादर प्रणाम।

आशा है आप सब लोग वहां पर कुशल मंगल से होंगे।मामाजी आज दोपहर ही आपका भेजा हुआ उपहार मिला। जब मैंने उपहार को खोल कर देखा तो , उपहार के रूप में अपना मनपसंद टैबलेट देखकर मेरा खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैं बहुत समय से अपने स्कूल के कार्य के लिए टैबलेट लेने की सोच ही रहा था। लेकिन आपने वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर मुझे यह उपहार स्वरूप दे दिया। मामाजी इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मामाजी आपको जब भी समय मिले , आप अवश्य हमारे घर आइए। मैं आपके आने की प्रतीक्षा करूंगा। उपहार के लिए आपका फिर से एक बार बहुत-बहुत धन्यवाद।

आपका प्रिय भांजा

क.ख.ग

## व्याकरण विभाग

**1] :लिंग को पहचानकर उस पर रेखा किजिए :**

**१:हाथी- स्त्रीलिंग पुल्लिग**

२ःबुढ़िया- स्त्रीलिंग पुल्लिग
३ःसुनारन- स्त्रीलिंग पुल्लिग
४ःससुर- स्त्रीलिंग पुल्लिग
५ःनाती- स्त्रीलिंग पुल्लिग
६ःबंदर - स्त्रीलिंग पुल्लिग
७ःमाली- स्त्रीलिंग पुल्लिग
८ःचींटा- स्त्रीलिंग पुल्लिग
९ःदुल्हन- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१०ःसिंह- स्त्रीलिंग पुल्लिग
११]लड़का- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१२] लड़की- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१३] भाई - स्त्रीलिंग पुल्लिग
१४] बहन - स्त्रीलिंग पुल्लिग
१५] पिता- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१६] गायक- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१७] गायिका- स्त्रीलिंग पुल्लिग
१८] बालक - स्त्रीलिंग पुल्लिग
१९] बालिका- स्त्रीलिंग पुल्लिग
२०] अध्यापक- स्त्रीलिंग पुल्लिग

प्र-2] निम्नलिखित शब्दों का वचन परिवर्तन कीजिए

| एक वचन | बहुवचन |
|---|---|
| 1] बच्चा | बच्चें |
| 2] कपडा | कपड़े |
| 3] माता | माताएँ |
| 4] पुस्तक | पुस्तकें |
| 5] बकरी | बकरियाँ |
| 6] गाड़ी | गाड़ियाँ |
| 7] लड़का | लड़के |
| 8] नदी | नदियाँ |
| 9] **पत्रिका** | **पत्रिकाएँ** |
| **10] माला** | **मालाएँ** |
| **11] पत्ता** | **पत्ते** |

| | |
|---|---|
| **12] लड़का** | **लड़के** |
| **13] छाता** | **छाते** |
| **14] रूपया** | **रूपये** |
| **15] बेटा** | **बेटे** |
| **16] कमरा** | **कमरे** |
| **17] जूता** | **जूते** |
| **18] बस्ता** | **बस्ते** |
| 19] **घोड़ा** | **घोड़े** |
| **20] मटका** | **मटके** |

प्र-3] निम्नलिखित वाक्यों मे सर्वनाम शब्द के नीचे रेखा कीजिय

- **वह** आपकी घडी है।
- **यह** मेरा घर है।
- **ये** मेरी पुस्तकें है।
- **वे** उनकी पुस्तकें है।
- पास की वस्तु के लिए – **यह** कोई नया काम नहीं है।
- दूर की वस्तु के लिए-रोटी मत खाओ, क्योंकि **वह** जली है।
- **यह** पुराना मकान है।
- **वह** पुराना मकान है।
- आप कहाँ गए थे ?
- सब खाना खा रहे हैं ।
- कुछ पैसे दो ।
- हम कल घूमने जाऐंगे ।
- कोई आया हैं

**प्र-4] निम्नलिखित वाक्यों मे क्रिया शब्द पहचान कर उसके नीचे रेखा कीजिए**

- १ : बढ़ई मेज बनाता है ।
- २ : माली पौधों में पानी देता है ।
- ३: बंदर केला खाता है ।
- ४: शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया ।
- ५: रामू को साँप ने काटा ।

- ६ वह <u>चढता</u> है।
- ७ वे <u>हंसते</u> हैं।
- ८ नीता <u>खा</u> रही है।
- 9 पक्षी <u>उड</u> रहे हैं।
- 10 बच्चा <u>रो</u> रहा है।

## साहित्य विभाग

१]-विधान सही या गलत हैं लिखो-

1]-अम्मा बिलकुल अकेली थी। सही

2]-एक दिन कुएँ के पास अम्मा फिसल गई। गलत

3]-आसमान अपनी आदत से मजबूर था। सही

4]-एक दिन अम्मा ने **आ**समान को थप्पड दे मारा। गलत

5]-सूर्य पर किसी का बस नही चलता। सही

6]-बादल हमें धूप देते हैं। गलत

7]-भैया बच्चों की स्वतंत्रता नही छीनते है। गलत

8]-सबके साथ-साथ बच्चों **पर** भी अम्मा का शासन चलता था। सही

9]-बच्चे बंधन में नही रहना चाहते। सही

10]-**बुढ़िया** के एक पोता था। सही

11]- **बुढ़िया** की झोपडी में जगह-जगह पानी टपकता था। सही

12]-धोबी की पत्नी ने धोबी को डाक्टर के पास जाने को कहा। गलत

13]-पंडीतजी ने धोबी को पोथी देखकर गधे का पता बताया था। गलत

14]-धोबी ने बाघ को डंडे से पीटा। सही

२] रिक्त स्थानों की पुर्ति करिए-

1]-शेर से छुटकारा पाने के लिए बित्तो को एक <u>तरकीब</u> सूझी।

2]-बित्तो के कहने पर किसान <u>डरता-डरता</u> शेर के पास गया।

3]-बित्तो हाथ में <u>दराँती</u> लेकर घोडे पर सवार होकर खेत की ओर चल पडी।

4]-बित्तो की बात सुनकर शेर <u>डर से</u> काँपने लगा।कर चल पडे।

5]-शेर ओर भेडिया आपस में <u>पूँछ</u> बाँध

6]-अम्मा का <u>अपना</u> कोई न था।

7]-कुएँ पर झगडा होने के बाद अम्मा <u>गुस्से</u> में थी।

9]-रस्साकशी करती हुई अममा <u>थक</u> गई थी।

10]-आसमान <u>झाड़ू</u> के साथ ऊपर उठने लगा।

11]-<u>चाँद</u> पर चढ़ने के बाद भी अम्मा ने झाड़ू नही छोडी।

## ३ :बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तरः-

१-अम्मा को कौन तंग कर रहा था?

**अ-आसमान** ब-बच्चे क-पड़ोसी

२-बच्चा क्या बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है?

**अ-सूरज** ब-चँदा क-तारा

३-बच्चा बाबा बनकर क्या करना चाहता है?

अ-अकड दिखाना **ब-धौंस जमाना** क-गुस्सा करना

४-**आसमान** अम्मा को कहाँ टक्कर मार रहा था?

अ-सिर पर **ब-कमर में** क-हाथ पर

५-किसान की बीवी का क्या नाम था?

**अ-बित्तो** ब-संतो क-बंतो

६-धोबी का क्या खो गया?

अ-बाघ ब-कुत्ता **क-गधा**

७-बाघ किससे डरकर छिप गया ?

**अ-टिपटिपवा से** ब-धोबी से क-पानी से

८-सूर्य क्या फैलाता है?

**अ-धूप** ब-कूडा क-चाँदनी

९-चाँद क्या प्रदान करता है?

अ-अंधेरा **ब- चाँदनी** क-तार

१०-बादल क्या बरसाता हैं?

अ-फूल ब-धूप **क-जलधारा**

११-शेर ने किसान से क्या माँगा?

अ-घोड़ा **ब-बैल** क-गाय

१२-बालक रोज किससे कहानी सुनता था?

**अ-दादी से** ब-दादा से क-माँ से

## ३ :अतिलघु प्रश्न-उत्तर

1]:अम्मा को कौन तंग करता था ?

उत्तर : अम्मा को आसमान तंग करता था ।

2] बच्चा क्या बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है ?

उत्तर : बच्चा सूरज बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है ।

3] : बच्चा बाबा बनकर क्या करना चाहता है ?

उत्तर: बच्चा बाबा बनकर धौंस जमाना चाहता है

4] :किसान की बीवी का क्या नाम था ?

उत्तर : किसान की बीवी का नाम बित्तो था ।

5] :सूर्य क्या फैलाता हैं ?

उत्तर : सूर्य धूप फैलाता हैं ।

6]:चाँद क्या प्रदान करता है ?

उत्तर : चाँद चाँदनी प्रदान करता है ।

7]: बादल क्या बरसाता हैं ?

उत्तर :बादल जलधार बरसाता हैं ।

8]:बालक रोज़ किससे कहानी सुनता था ?

उत्तर :बालक रोज़ दादी से कहानी सुनता था ।

9] :सारा गाँव किससे परेशान था ?स

उत्तर :सारा गाँव बारिश से परेशान था ।

10] :धोबी का क्या खो गया था ?

उत्तर : धोबी का गधा खो गया था ।

## : लघु- प्रश्न :

१ कक्कु का अर्थ है ?

उत्तर : कक्कु का अर्थ कोयल है ।

२ सभी कक्कु को चिढ़ाते है ?

उत्तर : क्यो कि वह दिन भर रोता रहता है ।

३: शेर मक्खी को क्यों न मार सका?

उत्तर: क्योंकि मक्खी कभी कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी।

४: शेर ने ऊबकर मक्खी से क्या कहा? उत्तर: शेर ने ऊबकर मक्खी से कहा मक्खी बहन अब मुझे छोड़ दो मैं हारा और तुम जीती।

५ : झगड़े वाले दिन आसमान के छेड़ने पर अम्मा ने क्या किया ?

उत्तर : झगड़े वाले दिन आसमान के छेड़ने पर अम्मा ने पूरी ताकत से उस पर वार किया ।

६ : दूसरी बार अम्मा के वार करने पर आसमान ने क्या शरारत की ?

उत्तर : दूसरी बार अम्मा के वार करने पर आसमान को शरारत सूझी उसने झाड़ू पकड़ ली ।

७:शेर ने अपनी उदासी का क्या कारण बताया ?

उत्तर : शेर ने कहा **कि** आज एक ऐसी राक्षसी से पाला पड़ गया जो सुबह चार शेरों का नाश्ता करती हैं ।

८: भेड़िये की बात सुनकर शेर कहा ँजाने के लिए तैयार हो गया ?

उत्तरः भेड़िये की बात सुनकर शेर किसान के खेत मे जाने के लिए तैयार हो गया

९ :सूर्य को क्या करने के लिए मना नहीं किया जाता ?

उत्तर : सूर्य को धूप फैलाने लिए मना नहीं किया जाता ।

१0: हवा को किस बात की स्वतंत्रता है ?

उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है ।

## दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१ : कक्कू को झगडालू क्यों कहाँ जाता हैं ?

उत्तर : कक्कू बात - बात मे चिढ़ जाता है और हर बात ने मुहं फुला लेता है इसलिए उसे झगडालूं कहा जाता हैं ।

२:बाघ किसकी बात सुनकर डर गया ?

उत्तर : बाघ बुढ़िया के मुँह से टिपटिपवा की बात सुनकर बाघ डर गया क्यों कि बुढ़िया ने जब कहा कि मुझे तो न शेरवा से डर,न बघवा से डर, मुझे तो डर है टिपटिपवा का ,यह बात सुनकर बाघ डर गया ।

३:बच्चा सूर्य और चाँद से क्या कहते है?

उत्तर :बच्चा सूर्य से कहता है कि कोई यहाँ धूप मत फैलाओ और चाँद से कहता है कि उठा के चाँदनी को ले जाओ ।

४ : बित्तो को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर : शेर किसान के खेत में घुस गया और किसान को बोला कि तुम्हारा बैल मुझे दे दे मैं उसे खा जाऊँगा ,यह बात सुनकर किसान ने कहा कि मैं घर जा कर बैल लाता हूँ। यह सुनकर बित्तो को गुस्सा आया ।

५ :बच्चे का मन क्या चाहता है ?

उत्तर : बच्चा सूरज बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है, बाबा बनकर धौंस जमाना चाहता है, पापा बनकर मूँछ बढ़ाना चाहता है, चांद बनकर सब तारों पर अकड़ दिखाना चाहता है , तितली बनकर दूर-दूर उड़ना चाहता है, चिड़िया बनकर चीं-चीं करके शोर मचाना चाहता है ।

६ शेर ने मक्खी पर पंजा क्यों उठाया?

उत्तरः शेर को बेहुत मुशकिल से नींद आई थी तभी एक मक्खी आकर उसके कान के पास भिन-भिन करने लगी तब शेर कि नींद खुल गयी इसी वजह से शेर को गुस्सा आया तब शेर ने पंजा उठाया

७ : बच्चा हवा और बादल से क्या कहते है?

उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है और बादल से कोई कहता है कि कोई क्यौं जलधार यहाँ बरसाई

---